दिनांक 28.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/भिलाई निगम महापौर परिषद की बैठक प्रभारी महापौर लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में आहूत किया गया। बैठक में सुपेला चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक तक सड़क निर्माण वार्ड 09 कृपाल नगर, आर्य नगर पुरानी बस्ती में डामरीकरण कार्य, वार्ड 08 सुन्दर नगर, सतनाम नगर, विवेकानंद नगर में डामरीकरण कार्य, वार्ड 07 उल्लास नगर, दुर्गा नगर, अय्यपा नगर एवं शिवाजी नगर में डामरीकरण कार्य हेतु बीलोरेट पर निविदाकारों से कार्य कराये जाने से पूर्व नियमानुसार शासन के निर्देशानुसार अंतर की राशि जमा करवाये जाने की सहमति प्रदान की गई है।

बैठक में कुल 07 प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया जिसमें 63.50 लाख रुपये की लागत से सुपेला चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक तक सड़क निर्माण कार्य के लिए मेसर्स क्वालिटी कन्ट्रक्शन द्वारा भरे गये निविदा 36.50 प्रतिशत् बीलो दर निविदाकार से इस शर्त पर कार्य कराये जाने की सहमति प्रदान की गई कि शासन के नियमानुसार अंतर की राशि जमा करवाये जाये। निगम क्षेत्र के जोन 01,02,03,04 एवं 06 में निजी एजेंसी के वाहन से कचरा संग्रहण के कार्य में लगे वाहनों का वित्तीय वर्ष 2018–19 में कचरा परिवहन कार्य के लिए सामान्य सभा द्वारा पारित संकल्प के परिपेक्ष्य में निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने में समय लगने की संभावना एवं कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उक्त कार्य की मूल स्वीकृत राशि में से शेष बचे राशि 72.36 लाख राशि से नई निविदा की कार्यादेश होते तक अनुबंधित एजेंसी से किराये के वाहनों से कचरा संग्रहण एवं परिवहन करवाये जाने पर सहमति प्रदान की गई। वार्ड 62 रुआबांधा सेक्टर में सेंट थामस कॉलेज के सामने के नहर में बंड बनाने का कार्य एनएसपीसीएल सेल पावर कम्पनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फण्ड के तहत् 74.94 लाख रुपये की लागत से कार्य करवाये जाने हेतु महापौर परिषद द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निविदा आमंत्रण की अनुमति दी गई।

अवंती बाई चौक कोहका एवं पावर हाउस चौक में इन्दु आईटीआई स्कूल संस्था द्वारा गौमाता की मूर्ति लगाकर स्वयं के व्यय से चौक सौन्दर्यीकरण हेतु प्राप्त आवेदन पर विचार करते हुए महापौर परिषद ने निर्माणोपरान्त उक्त चौक का देखरेख संस्था द्वारा किये जाने की शर्तों पर चौक सौन्दर्यीकरण के कार्य उक्त संस्था को प्रदान करने की अनुशंसा के साथ प्रकरण सामान्य सभा में विचारार्थ रखे जाने की सहमति प्रदान किया। वार्ड 07 उल्लास नगर, दुर्गा नगर, अय्यपा नगर एवं शिवाजी नगर में डामरीकरण कार्य हेतु 63.70 लाख रुपये, वार्ड 08 सुन्दर नगर, सतनाम नगर, विवेकानंद नगर में डामरीकरण कार्य हेतु 81.33 लाख रुपये, वार्ड 09 कृपाल नगर, आर्य नगर पुरानी बस्ती में डामरीकरण कार्य हेतु 61.19 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई है।

बैठक में प्रभारी महापौर लक्ष्मीपति राजू, परिषद के सदस्य नीरज पाल, डॉ. दीवाकर भारती, दुर्गा प्रसाद साहू, केशव बंछोर, नरेश कोठारी, श्रीमती सुशीला देवांगन, सदीरन बानो, आयुक्त के प्रतिनिधि के रुप में सत्येन्द्र सिंह उपस्थित थे।

जनसम्पर्क विभाग